# जिला अस्पताल में सर्दी, खांसी सहित कई दवाओं का टोटा

## मरीज बोले– डॉक्टर तो लिखते हैं, लेकिन ये देते नहीं, अधूरी दवाओं के भरोसे लोग

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में इस समय मौसमी बीमारियों का प्रकोप चल रहा है, जिसके चलते जिलाअस्पताल में प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में लोग अपना इलाज कराने के लिए पहुंच रहे है। लेकिन जिलाअस्पताल में दवाईयों का टोटा है, जिसकी बजह से मरीजों को सर्दी, खांसी जैसी जरूरी दवाएं नहीं मिल रहीं है। यहां सबसे हैरात की बात तो यह है कि ये जरूरी दवाईयां अस्पताल परिसर में स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पर उपलब्ध नहीं है। जिसके चलते मरीज दवाओ के लिए इधर से उधर भटकते हुए नजर आते है और परेशान होकर बाजार से महंगे दामों में दवा खरीदते हुए नजर आते है।

उल्लेखनीय है कि जिलाअस्पताल में मरीज बेहत्तर इलाज के लिए दूर दराज से पहुंचता है, जहां उसे पर्चा बनवाने से लेकर चिकित्सक को दिखाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। तो वहीं इसके बाद जांच की कतार और उसके बाद दवा वितरण केंद्र की कतार में खड़ा होना पड़ता है, लेकिन इतनी कतारों से गुजरने के बाद जब उसे दवाएं नहीं मिलती है, तो वह बड़ा मायूस होकर लौटता है और अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन को कोसता हुआ नजर आता है।



**मरीज बोले–डॉक्टर लिखते है, ये लोग नहीं देते:**

लगातार बारिश के बाद मौसम में जमी नमी की बजह से जिले में वायरल फीवर का अटैक जारी है। जिसके कारण लोगों सर्दी, जुकाम, बुखार जैसी कई अन्य बीमारियों से दो चार होना पड़ रहा है। तो वहीं इन बीमारियों से बचने और उचित इलाज लेने के लिए लोग जिलाअस्पताल पहुंचते है, लेकिन उन्हें वहां पर मिली अधूरी दवाईयों पसोपश में डाल देती है। दवा वितरण केंद्र पर दवा ले रहे मरीजों ने बताया कि डॉक्टर तो उन्हें उनके मर्ज के अनुसार दवाएं लिखते है, लेकिन ये लोग देते नहीं है। अब बताओं भला अधूर डोज में अब हम कैसे ठीक होंगे।

### खांसी, खुजली और दर्द दवा उपलब्ध नहीं

जिलाअस्पताल में डॉक्टरों लिखे अनुसार दवा न मिलने के बाद जब पड़ताल की गई तो चिकित्सक के लिखे अनुसार मरीजों को कई दवाईया दवा वितरण केंद्र से नहीं दी जा रहीं है। जिसके चलते मरीज और दवा वितरको के बीच बहस होती देखी गई। इस दौरान एक मरीज ने बताया कि उन्हें खुजली की मलहम नहीं दी गई, तो वहीं दूसरे ने बताया कि उन्हें दर्द निवारक मलहम नहीं दी गई। तो वहीं एक मरीज ने बताया कि उन्हें आंखो में डालने के लिए ड्रोप नहीं दिया गया है, जबकि यह उन्हें डॉक्टरों ने लिखे है। वहीं मरीज गनेशराम आदिवासी और असलम खान आदि ने बताया कि उन्हें खांसी की दवा नहीं मिली है। वहीं उन्होंने यह भी बताया कि जिलाअस्पताल में काफी समय से खांसी की दवा नहीं है। वहीं जब मरीज प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में खांसी के दवा लेने के लिए पहुंचे तो वहा पर भी यह दवा उपलब्ध नहीं थी।

**टैंडर हुए पर नहीं आई दवा:**

जिलाअस्पताल में सर्दी खांसी की दवा उपलब्ध न होने और मरीजों को न मिलने बाद जब इन दवाओं को लेकर पड़ताल की गई तो वास्तव में इन दवाईयों का टोटा नजर आया। तो वहीं दवाईयों की कमी को लेकर जानकारी जुटाई गई, तो बताया गया कि इन दवाओं का टैंडर हो चुका है, लेकिन अभी तक कंपनी द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई है। वहीं बताया गया कि कंपनी को बार बार अग्रह किया जा रहा है कि दवाएं उपलब्ध कराई जाए, लेकिन वह ट्रांसपोर्ट पर होने की बात कहकर टाल देते है।

**इनका कहना है।**

*दवाओं के टैंडर लगा दिये गये है और जल्द ही दवाएं उपलब्ध होगी, तो वहीं दवाओं की कमी के चलते आसपास के जिलों से भी करीब ढाई हजार कप सिरप मांग लिये गये थे, लेकिन मांग से ज्यादा खपत है, जिससे परेशानी हो रहीं है।*

***डॉ. भूपेंद्र शेखावत, सिविल सर्जन जिला अस्पताल अशोकनगर।***



# खाद के लिए किसान परेशान

**विधायक को सुनाई किसानों ने अपनी व्यथा**

**राय ने कहा करे पूर्ण व्यवस्था नहीं तो होगा आंदोलन**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** किसानों के लिए किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। जब किसानों द्वारा खाद मिलने में हो रहीं परेशानियों से क्षेत्रीय विधायक हरिबाबू राय को अवगत कराया गया, तो वह खाद गोदाम पहुंचे और किसानों से चर्चा करते हुए प्रशासनिक महकमे में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए किसानों के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं करने की बात कहते हुए चेतावनी दी कि यदि समय पर पर्याप्त व्यवस्थाएं नहीं की गई, तो किसानों के संग कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा।

दरअसल सोमवार को गल्ला मंडी स्थित खाद गोदाम खाद लेने के लिए आए किसानों ने अपनी समस्या से विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय को अवगत कराते हुए बताया कि उन्हें कई दिनों से खाद नहीं मिल रही है, बार-बार टोकन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। विधायक इंजी हरिबाबू राय जी ने इस पर गंभीरता दिखाते हुए मौके पर नायब तहसील व संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और निर्देश दिए कि किसानों को तत्काल टोकन उपलब्ध कराया जाए। एक सूची सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए।

किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए। साथ ही विधायक राय ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्या का त्वरित समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी जवाबदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस अवसर पर विधायक कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, वरिष्ठ नेता वली सिंह, राजकुमार यादव धौरा, आईटी सेल अध्यक्ष अमन महाराज, सुनील सिरसी, खलक सिंह, सरवन कुशवाह, गोलू, जितेंद्र, जगभान, अमित, सहित किसान एवं कांग्रेसी मौजूद रहे।

### एक नजर में

**हृदय जांच शिविर का आयोजन**

**अशोकनगर।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में जिला चिकित्सालय अशोकनगर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एनसीडी कार्यक्रम के तहत हृदय रोगियों की जांच एवं उपचारित बच्चों का फॉलोअप लिया गया। आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि आरबीएसके कार्यक्रम तहत 16 बच्चों का चेकअप शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष रघुवंशी एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ मनीष चौरसिया द्वारा किया गया। एनसीडी कार्यक्रम के तहत 45 हृदय रोगियों की जांच डॉ सीपी यादव, डॉ आरके राहुल द्वारा की गई। हृदय से संबंधित जागरूकता एवं हृदय रोगी को कैसा आहार बिहार रखना चाहिए जैसे कि नियमित बीपी की दवाई, ज्यादा तेल, ज्यादा नमक, वसा रहित भोजन करने आदि कि समझाएं दी गई। इस अवसर पर डॉ अंजना शर्मा, राजेश डहरिया, दीपा रजक आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

**रक्तदान शिविर आयोजित**

**अशोकनगर।** सिंधिया जनसंपर्क कार्यालय केंद्रीय मंत्री के निर्देश एवं सेवा पखवाड़ा के तहत ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन पछार मंडल एवं अशोकनगर ग्रामीण मंडल द्वारा किया गया। ब्लड डोनेशन कैंप के संयोजक जिला मंत्री धर्मेंद्र रघुवंशी खैजरा ने बताया कि कैंप 30 मिनट रक्तदान किया। जिसमें पूर्व विधायक श्री जजपाल सिंह जज्जी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कुशवाह समाज ने किया दुष्कर्मियों के परिवार का बहिष्कार

## जिलाध्यक्ष बोले– हम पीड़िता के साथ, ऐसे आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई, जो नजीर बने

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विगत दिनों नईसराय थाना क्षेत्र के ग्राम ऊमरी में नाबालिग 10 वर्षीय मूकबाधिर बालिका के साथ तीन बहसी दरिदों द्वारा किये गये सामूहिक दुष्कर्म का चाहू ओर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। जहां एक ओर लोग इस घटना को लेकर अपना गुस्सा सोशल मीडिया पर व्यक्त कर रहे है। तो वहीं दुष्कर्म की शर्मसार घटना करने वाले तीन आरोपियों के परिवार का कुशवाह समाज ने वहिष्कार करते हुए पीड़िता का साथ देने की बात कहीं। साथ ही आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

इस सबंध में सोमवार की शाम की लवकुश मंदिर पर कुशवाह समाज समिति द्वारा एक प्रेसवार्ता आयोजित की गई, जिसको संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बलवीर सिंह कुशवाह ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म की इस घटना लोगों को शर्मसार कर दिया है, यह घटना इतनी पीड़ा दायक है सोचने पर ही रूह कांप जाती है, हम इस घटना कड़े शब्दो में निंदा करते है। वहीं उन्होंने कहा कि भले ही तीनो आरोपी कुशवाह समाज से है, इसलिए समाज ने एकराय होकर निर्णय लिया है कि तीनों ही परिवार समाज द्वारा बहिष्कार किया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें व उनके परिवार के लोगों किसी भी आयोजन और प्रयोजन में नहीं बुलायेगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आरोपियों को दंडित करने का अधिकार पुलिस व न्यायालय का है, इसलिए वह प्रशासन से मांग करेगें ऐसे आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।









### तुलसी पार्क पर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

उमरी में हुई सामूहिक दुष्कर्म की घटना को लेकर छात्र संगठन डीएसओ के महिला सांस्कृति संगठन द्वारा स्थानीय तुलसी पार्क पर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जहां पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। संगठन की रानी ओझा ने कहा जिले के छोटे से गांव में महिलाएं और बच्चियां सुरक्षित नहीं है, क्योंकि नशो का कारोबार चरम पर है। नशे के कारण और गंदी फिल्मों की बजह से ऐसी घटनाएं घटित हो रहीं है। सरकार को तुरंत इन पर रोक लगानी चाहिए और एक सभ्य समाज का आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए।

**फांसी की सजा को लेकर शाढ़ौरा में दिया ज्ञापन:**

नाबालिक मूक बाधिर बालिका से हुए दुष्कर्म करने वाले आरोपियों फांसी सहित कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन प्रजापति समाज द्वारा शाढ़ौरा प्रशासन को सौंपा गया। इस दौरान समाज के लोगों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि इस मामले की फास्ट ट्रेक कोर्ट पर सुनवाई हो और आरोपियों को फांसी की सजा दी, साथ ही आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाया जाए। जिससे आगे ऐसी घटना की पुर्नवृत्ति न हो। जिससे जिले में बालिका और महिलाएं सुरक्षित रह सके।

### पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला करने वाले पति को 5 साल का सश्रम कारावास, अर्थ दंड

**अशोकनगर।** न्यायालय सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा की अदालत ने कुल्हाड़ी से पत्नी पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी पति कमल सिंह पुत्र समरू अहिरवार, उम्र 36 साल निवासी माता मंदिर रोड जगदंबा कॉलोनी अशोकनगर को भादंवि धारा 326 के आरोप में दोष सिद्ध पाए जाने पर 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है, अर्थ दंड अदा नहीं करने की दशा में उसे पांच माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताया जायेगा।

अभियोजन की ओर से पैरवी शासकीय जिला लोक अभियोजक भगवती प्रसाद लोधी एडवोकेट द्वारा की गई। अभियोजन के अनुसार मामला 11 अप्रैल 2024 की दोपहर 3 बजे का जिला चिकित्सालय, अशोकनगर के चिकित्सीय अधिकारी डॉ.शुभम चौरसिया द्वारा उपचार हेतु आई आहत मिथलेश बाई की सूचना अस्पताल चौकी अशोकनगर को दी गई। जिस पर पुलिस अस्पताल, अशोकनगर पहुंची और वहां पर मिथलेशबाई ने जिला चिकित्सालय में इस आशय की देहाती नालसी लेख कराई कि दिनांक 11 अप्रैल 2024 को रात्रि करीब 2 बजे वह अपने पति कमलसिंह एवं बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी, तभी उसका पति कमलसिंह उठा और अर्नगल बाते करते हुए मारपीट करने लगा, इसके साथ ही पास में रखी कुल्हाड़ी से उसने हमला दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# सेवा पखवाड़ा के तहत किया पौधारोपण

**अशोकनगर।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को अमृत हरित महाअभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के नमो पार्क शंकरपुर टोरिया फिल्टर प्लांट परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी करते हुए लगभग 25 पौधे रोपे। पौधारोपण के साथ ही सभी ने मिलकर संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख कर उन्हें हरा-भरा बनाया जाएगा, जिससे आने वाले समय में टोरिया क्षेत्र हरियाली युक्त एवं पर्यावरण हितैषी स्वरूप धारण करेगा। निकाय अधिकारियों ने इस दौरान कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अनमोल धरोहर हैं। वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी सुरक्षा और संवर्धन भी उतना ही आवश्यक है। इस तरह के अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं, बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण में भी सहायक सिद्ध होंगे। अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर पालिका परिषद का उद्देश्य शहरवासियों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाना और उन्हें वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना है। परिषद का कहना है कि आने वाले समय में इस तरह की गतिविधियों को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा ताकि अशोकनगर को हरियाली से आच्छादित किया जा सके।





# जैसीनगर का नाम बदलने पर दांगी क्षत्रिय समाज ने जताया विरोध

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** दांगी क्षत्रिय समाज ने मुख्यमंत्री द्वारा सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जैसीनगर नगर परिषद का नाम बदलकर जय शिवनगर करने की घोषणा पर कड़ा विरोध जताया है। इस संबंध में दांगी समाज द्वारा तहसील पहुंचकर तहसीलदार सोनम शर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जैसीनगर का ऐतिहासिक संबंध 16वीं-17वीं शताब्दी के शासक राजा जयसिंह दांगी से है, जिन्होंने इस नगर को बसाया था। नगर का नाम जैसीनगर (जयसिंहनगर) राजा जयसिंह की स्मृति में रखा गया था। ऐसे में नगर का नाम बदलना समाज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अस्मिता पर आघात है। दांगी क्षत्रिय समाज ने कहा है कि नाम परिवर्तन का यह निर्णय राजनीतिक बदले की भावना से प्रेरित प्रतीत होता है और यह दांगी कछवाहा राजपूत समाज के गौरवशाली इतिहास के साथ छेड़छाड़ है। समाज ने चेतावनी दी है कि इस प्रकार की कार्रवाई को किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आग्रह किया गया है कि इस निर्णय पर पुनर्विचार कर जैसीनगर का ऐतिहासिक नाम यथावत रखा जाए। इस मौके पर विक्रम सिंह दांगी प्रदेश उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह दांगी जिला अध्यक्ष, तिलक सिंह दांगी युवा जिला अध्यक्ष, रामस्वरूप दांगी, गजेंद्र सिंह दांगी जिला सचिव, जितेंद्र सिंह दांगी ब्लॉक अध्यक्ष मुंगावली, भानु प्रताप सिंह दांगी जिला मीडिया प्रभारी, राममिलन सिंह दांगी, महेंद्र सिंह दांगी आदि उपस्थित रहे।



**प्रदर्शन**

## सरकार की नीतियों को बताया किसान विरोधी

# किसानों के हक के लिए कांग्रेस ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने आज बस स्टैंड के पास धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरी बाबू राय के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम भाव, कर्ज का बोझ और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर आवाज बुलंद की।

धरने के बाद तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की गई। धरना प्रदर्शन दोपहर 1 बजे शुरू हुआ। जिसमें अंचल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह रघुवंशी ने किया। धरने में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि देश का अन्नदाता आज भारी संकट से जूझ रहा है। फसलें बर्बाद हो रही हैं, उपज का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे मिल रहा है, और किसान कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। युवाओं को बेरोजगारी के दलदल में धकेला जा रहा है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान अपनी आवाज बुलंद करें और उस सरकार से सवाल करें, जिसने वादे तोड़कर उनके हक पर कुठाराघात किया है। उन्होंने इस धरने को किसानों के हक, न्याय और भविष्य की निर्णायक लड़ाई करार दिया। धरने के बाद विधायक इंजी. हरी बाबू राय के नेतृत्व में तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें किसानों की समस्याओं, खाद की किल्लत, एमएसपी की गारंटी, कर्ज माफी और बेरोजगारी के समाधान की मांग की गई। विधायक राय ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने तत्काल कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर और बड़े आंदोलन को अंजाम देगी। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में खाद की कमी और कालाबाजारी जैसे मुद्दों ने किसानों की परेशानियों को और बढ़ाया है, जिसे लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार को घेरने की रणनीति अपनाई है।



# मां जागेश्वरी मंदिर पर भक्तों का तांता

**नवरात्र में सुबह शाम लग रहीं भक्तों की भीड़**

**प्रतिदिन हो रहे कन्या भोज और भंडारे**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी। नवरात्रि दुर्गा पूजा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, श्रद्धालु माँ दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।**

शहरों और गाँवों में विभिन्न मंदिरों में नवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। तो वहीं चंदेरी के ऐतिहासिक मां जागेश्वरी मंदिर पर भी सुबह और शाम की आरती में हजारों की संख्या में श्रृद्धालु पहुंच रहे है और भक्त भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ देवी की उपासना कर रहे हैं। इसके साथ ही दूर- दूर से सुबह से शाम तक भक्तों का आना जाना लगा रहता है। जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है वह मंदिर प्रांगण में कन्या भोज कराते है। सेवा भारती द्वारा भी नौ दिनों से सुबह दस बजे दोपहर दो बजे तक कन्या पूजन के साथ कन्या भोज कराया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रसादी के लिए कन्याएं पहुंच रही है। सोमवार को जगत जननी जागेश्वरी माई को भक्तों के द्वारा पान का बीड़ा चढ़ाया गया। जिसमें भक्तों द्वारा पान के साथ बतासे, मिठाई, फल ,लोंग ,इलायची और श्रृंगार का सामान भेट किया गया। मंगलवार को अष्टमी पर माई के दरवार में रात के समय हवन यज्ञ होगा।

